# केसीसी की राशि ना मिलने पर सड़कों पर उतरे किसान

**खास बातें**
- जिला सहकारी बैंक के सामने किया प्रदर्शन
- किसानों ने की केसीसी भुगतान की मांग



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 18 अप्रैल, सिरोंज में मंडी रोड स्थित जिला सहकारी बैंक के कार्यालय के सामने शनिवार को किसानों ने केसीसी राशि ना मिलने पर नाराजगी जताते हुए जमकर प्रदर्शन किया. इस मौके पर उन्होंने किसानों को केसीसी की पूरी राशि का भुगतान तत्काल कराए जाने की मांग की. किसानों का कहना था कि उन्होंने समय पर केसीसी की राशि जमा की है. लेकिन अब किसानों को फिर से केसीसी की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है. मामले की जानकारी मिलने पर अधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा. इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की. जिसके बाद मामला शांत हो सका.**

जानकारी के अनुसार सिरोंज में शनिवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा. इस मौके पर उन्होंने मंडी रोड स्थित जिला सहकारी बैंक की शाखा के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया. इस दौरान किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने निर्धारित समय पर उनकी केसीसी की राशि बैंक में जमा की है. लेकिन किसानों को अब फिर से केसीसी की राशि समय पर नहीं मिल पा रही है. केसीसी की राशि निकालने के लिए किसान परेशान हो रहे हैं, और बैंक के बार-बार चक्कर लगा रहे है. किसान सुबह से कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिर भी किसानों को केसीसी की राशि नहीं मिल पा रही है. किसानों ने बाजार से राशि लेकर बैंक की केसीसी की राशि जमा की है. वही शादी, उत्सवों सहित अन्य जरूरतों के चलते किसानों को पैसे की आवश्यकता है. ऐसे में किसान केसीसी की राशि नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं. किसानों ने आरोप लगाया कि उनको केसीसी की पूरी राशि का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है. उन्होंने किसानों को तत्काल केसीसी की पूरी राशि दिलाए जाने की मांग की. मामले की जानकारी मिलने पर अधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा. उन्होंने किसानों से चर्चा कर समझाईश दी.

## प्रतिदिन सैकड़ों किसान पहुंच रहे बैंक व्यवस्था बनाकर किया जा रहा भुगतान

किसानों ने भी अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताते हुए तत्काल उनकी समस्याओं के निराकरण की मांग की. अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हो सका.इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 400 से 500 किसान बैंक में आ रहे हैं. शनिवार को भी बड़ी संख्या में किसान बैंक पहुंचे थे.उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा व्यवस्था बनाकर सभी किसानों को राशि का भुगतान किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक किसान को समय पर राशि मिल सके. बैंक द्वारा प्रतिदिन किसानों को उपलब्धता के अनुसार भुगतान किया जा रहा है.

# चलित न्यायालय ने सिखाए यातायात नियम, 35 वाहनों के चालान

**नियम उल्लंघन पर सख्ती के साथ दी समझाइश**



नवभारत न्यूज

**कुरवाई 18 अप्रैल,क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए अब पुलिस के साथ-साथ न्यायालय भी यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त रुख अपनाता नजर आ रहा है. इसी क्रम में कुरवाई न्यायालय में पदस्थ प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट प्रियंका कुशवाह द्वारा शनिवार को थाना कुरवाई के सामने बीना रोड पर चलित न्यायालय लगाया गया.**

चलित न्यायालय के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए समझाइश दी गई. साथ ही जिन वाहन चालकों में नियमों के उल्लंघन की अनियमितताएं पाई गईं, उनके खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई. इस दौरान कुल 35 वाहनों के चालान किए गए.न्याय दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रियंका कुशवाह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें.कार्यवाही के दौरान न्यायालयीन कर्मचारी एवं पुलिस बल भी मौजूद रहा. न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की औचक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जा सके.

## अंबेडकर जयंती पर भाजपा की संगोष्ठी आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भारतीय जनता पार्टी, विदिशा द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज 19 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है.संगोष्ठी में बाबासाहेब के जीवन, उनके प्रेरणादायक कार्यों तथा देश और समाज के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं कुरवाई विधायक हरि सप्रे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे.जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में समरसता, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. इसके माध्यम से बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी.कार्यक्रम प्रभारी जिला महामंत्री अनिल सोनकर ने शहर के बुद्धिजीवियों, वरिष्ठजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.



# नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की रजत जयंती पर भव्य कलश यात्रा संपन्न

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के तहत सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ.**

यह कलश यात्रा हनुमान मंदिर भावसार पुलिया, बरेठ रोड से निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची. यात्रा के दौरान जगह-जगह मां कृष्णा के भक्तों, शिष्यों और धर्मप्रेमी नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धा और भक्ति भाव से स्वागत किया.कलश यात्रा में महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर भाग लिया. वहीं मंदिर समिति के सदस्य पीले कुर्ते और सफेद पजामे में भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे, जबकि महिलाएं नृत्य करते हुए भक्ति रस में लीन नजर आईं.रास्ते में विभिन्न स्थानों पर शीतल जल, रूह अफजा और लस्सी से यात्रियों का स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा.आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव में परम पूज्य कृष्णा मां अपनी रसमयी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी.

# बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरुकता रथ को हरी झंडी

**बाल विवाह के खिलाफ सख्त संदेश**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जस्ट राइट सोसाइटी, विदिशा द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष जागरूकता रथ को रवाना किया गया.**

जागरूकता रथ को गंजबासौदा-ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं गंजबासौदा की एसडीएम अनुभा जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह रथ नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर भ्रमण कर बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा.कार्यक्रम के दौरान पंपलेट वितरण के माध्यम से आमजन को बाल विवाह रोकने के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर बताया गया कि बाल विवाह कराना एवं उसमें सहयोग करना कानूनन अपराध है, जिसके तहत दोषियों को 2 वर्ष तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है.

## बाल विवाह की सूचना पर इन हेल्पलाइन नंबरों पर करें संपर्क

बाल विवाह की सूचना मिलने पर आमजन पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की हेल्पलाइन 18001087222 पर संपर्क कर सकते हैं.कार्यक्रम में जस्ट राइट सोसाइटी, विदिशा के जिला समन्वयक अरविंद श्रीवास्तव, प्रेस क्लब विदिशा के अध्यक्ष सचिन तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.संस्था ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें और मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें.



# शहर में जलपात्र और सकोरे रखकर पशु-पक्षियों की बुझा रहे प्यास

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,बढ़ते तापमान और आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए 'पंचतत्व संरक्षण समिति' मूक पशु-पक्षियों के लिए सहारा बनकर सामने आई है. समिति द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की हौदियां रखी जा रही हैं, वहीं पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं.**

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले कई वर्षों से निरंतर जारी है. भीषण गर्मी में पानी के अभाव में बेजुबान पशु-पक्षी दम न तोड़ें, इसी उद्देश्य से यह पुण्य कार्य किया जा रहा है.

इसी क्रम में समिति ने राधाकृष्ण पुरम कॉलोनी में दो हौदियां रखी हैं, जिनमें नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी समिति सदस्य श्रीमती अनिता जगदीप सिंह राजपूत और श्रीमती पूजा प्रशांत शर्मा ने ली है.समिति ने आमजन से भी अपील की है कि वे अपने घरों की छतों और दरवाजों पर पानी भरकर रखें, ताकि कोई भी जीव प्यासा न रहे.इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, जगदीप सिंह, अनीता सिंह, पूजा प्रशांत शर्मा, भूपेंद्र ठाकुर, रोहित यादव सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे.

